





नवभारत
भोपाल, बुधवार 14 जनवरी, 2026


# दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें

## विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर ने कहा, रहली में खुलेगा फिजियोथैरेपी सेंटर

नवभारत न्यूज

**रहली 13 जनवरी. विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया. इस जनसुनवाई में कलेक्टर संदीप जी.आर ने ने स्वयं उपस्थित रहकर आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया.**



जनसुनवाई में प्राप्त सैकड़ों प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकांश का तत्काल समाधान किया गया. कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नक्शा सुधार, सीमांकन और बंटवारा के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए. रहली में दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए जल्द ही एक आधुनिक फिजियोथैरेपी सेंटर शुरू करने की घोषणा की गई. जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें, उन्होंने कहा नक्शा सुधार, सीमांकन और बंटवारा जैसे मामलों में अनावश्यक देरी न करें, इन प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर होना चाहिए ताकि किसानों और ग्रामीणों को परेशानी न हो. कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि शासन की जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं, उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए. उन्होंने कहा कि वे मैदानी स्तर पर जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे.

> क्षेत्र के दिव्यांग जनों की समस्याओं को संवेदनशीलता से लेते हुए कलेक्टर ने रहली में एक फिजियोथैरेपी सेंटर शुरू करने के निर्देश दिए. इस केंद्र के खुलने से स्थानीय दिव्यांग जनों को उपचार और कसरत के लिए जिला मुख्यालय या बड़े शहरों की ओर नहीं भटकना पड़ेगा. जनसुनवाई में आवास, पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल और बिजली जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए. कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन पर समयबद्ध कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है. भविष्य में यह जनसुनवाई सागर जिले के अन्य विकासखंडों में भी आयोजित होगी.

### जैन मंदिर में चोरी के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**सागर.** जिले के सुरखी जैन मंदिर में हुई चोरी के खिलाफ जैन समाज सुरखी ने पुलिस थाने पर प्रदर्शन किया और तीन दिन का अल्टीमेटम थाना प्रभारी रामू प्रजापति को दिया. जैन समाज के साथ-साथ अन्य सभी समाजों के प्रमुख लोग थाना पहुंचे और जैन मंदिर में हुई चोरी के विरोध में नारेबाजी की. उल्लेखनीय है कि दरमियानी रात चोरों ने जैन मंदिर की वेदी पर विराजमान श्री जी की प्रतिमाओं के ऊपर लगे सभी 20 चांदी के छत्रों और नगद राशि को चुरा लिया था, चोर मंदिर का ताला तोड़कर प्रवेश हुए थे और मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीडी को भी उखाड़ ले गए, इस घटना से जैन समाज में अत्यंत रोष है. जैन समाज ने पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि चोरों को नहीं पकड़ा गया तो तीन दिन बाद 16 जनवरी से जैन समाज के व्यापारी अनिश्चितकालीन बाजार बंद रखेंगे.

# टाउन हॉल को दिया गया हेरिटेज लुक

## विधायक विकास निधि से हुआ जीर्णोद्धार, विधायक ने किया लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**सागर 13 जनवरी. शासकीय कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय परिसर स्थित ऐतिहासिक टाउन हॉल का विधायक निधि से जीर्णोद्धार कर उसका लोकार्पण विधायक शैलेंद्र जैन ने संपन्न हुआ.**



जीर्णोद्धार कार्य में भवन के हेरिटेज लुक को यथावत रखते हुए संरचना को नया स्वरूप दिया गया है. इस अवसर पर विधायक श्री जैन ने कहा कि सागर का टाउन हॉल शहर के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसे सागरवासी और महाविद्यालय प्रशासन आज भी सहेज कर रखे हुए हैं. उन्होंने कहा कि यह केवल एक इमारत नहीं, बल्कि हमारी विरासत का प्रतीक है, इसका हेरिटेज स्वरूप बनाए रखते हुए जीर्णोद्धार कराना हमारा दायित्व था. यदि हम अपनी संस्कृति, प्राचीन सभ्यता और उनसे जुड़ी इमारतों को संरक्षित रखेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित करा सकेंगे. भाजपा जिलाध्यक्ष श्री श्याम तिवारी ने कहा कि शहर को आधुनिक स्वरूप देने के साथ ही आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी कार्य कर रहे हैं. इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण यादव, डॉ. मीना पिंपलापुरे, सुखदेव प्रसाद तिवारी ने टाउन हॉल के ऐतिहासिक महत्व और उससे जुड़े प्रसंगों पर प्रकाश डाला. संचालन पद्मा आचार्य ने, आभार प्रदर्शन जनभागीदारी समिति सदस्य प्रासुख जैन ने किया. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में डॉ. नीरज दुबे, जगन्नाथ गुरैया, विनय मिश्रा, अरविंद जैन, डॉ. स्मिता दुबे, डॉ. राकेश शर्मा, श्रीमती दीप्ति चंदेरिया, नवीन गिडियन, संजय खरे, एम.एम. चौकसे, नीता खन्ना, शुभम दुबे, राहुल वैद्य मौजूद थे.

## एक नजर में



### शोकसभा में तेरहवीं न करने का निर्णय लिया

**सागर.** समाज में व्याप्त कुरीतियों को लेकर समाज में धीरे-धीरे जागरूकता बढ़ रही है. इसी दिशा में अब तेरहवीं को सामाजिक कुरीति के रूप में देखा जाने लगा है, इसके पीछे लोगों के अलग-अलग विचार है,बावजूद इसके अब तेरहवीं ना करना सही निर्णय माना जाने लगा है. मकरोनिया गंभीरिया वार्ड निवासी दीवान भूपेंद्र सिंग के सुपुत्र का निधन हो गया था. त्रयोदशी संस्कार और श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. श्रद्धाजलि सभा में बुंदेल सिंह बुंदेला, राजेंद्र सिंग, राजकुमार धनौरा,लखन सिंह, नरेंद्र सिंह, ब्रजमोहन सिह, महेंद्र सिंह सिद्धार्थ सिह, सतेंद्र सिंह, अभिषेक गौर, जालम सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अभय सिंह, उदय सिंह, वीरेंद्र गौतम, तेजेंद्र सिंह शामिल हुए.



### विवेकानंद जयंती पर एआईएच में कार्यक्रम

**सागर.** प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में स्वामी विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. विभागाध्यक्ष, प्रो. नागेश दुबे ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने वेदांत और योग पर भारतीय दर्शन से पश्चिमी दुनिया का परिचय कराया, वे युवा शक्ति को राष्ट्रनिर्माण का आधार मानते थे. इस आयोजन में विभागीय शिक्षक डॉ. मशकूर अहमद कादरी एवं शोधार्थियों की ओर से रवीन्द्र चौरसिया ने भी युवाओं की भारत के विकास में भूमिका को अपने-अपने उद्बोधनों में संबोधित किया.



### मैराथन दौड़ के विजेता विद्यार्थी पुरस्कृत

**सागर.** बीटीआईआरटी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में मैराथन का आयोजन किया गया. आयोजन में सभी छात्रों ने भाग लिया और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए. कार्यक्रम में सचिव डॉ. सत्येंद्र जैन, ग्रुप रजिस्टर डॉ. तरुण सिंह, प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले, एनएसएस अधिकारीशेख शाहिद, मेघा सोनी, रागिनी मिश्रा, गौरव खरे, आकाश वर्मा, दिवज्ञा श्रीवास्तव, अमित दिवालिया, हेमंत जैन, समर्थ जैन, भूपेंद्र नामदेव, दीपक रैकवार, अमित कनौजिया, धर्मेंद्र पटेल उपस्थित रहे.



### तालाबपुरा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा

**ललितपुर.** संघ शताब्दी वर्ष द्वारा जन-जन को जोड़ने तथा हिंदुओ को अपनी विचारधारा को जोडने् को लेकर तालाबपुरा में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जायेगा, इसके पूर्व तालाबपुरा में बजरंग शाखा शिवजी बस्ती में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी ने मत प्रस्तुत किए. निर्धारित तिथि को सम्मेलन को लेकर कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही. इस दौरान रमेश सिंह, प्रताप गुप्ता, छक्कीलाल साहू, रामकुमार रामदेव, चंद्रमा सिंह, विकास गुप्ता, ऋषि सोनी, इंद्रसिंह पटेल, हर्ष नामदेव मौजूद रहे.

### जैन समाज की बैठक आज

**सागर.** जैनाचार्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का दूसरा समाधि दिवस सागर में 27 जनवरी को मनाया जाएगा. बाहुबली कॉलोनी में विराजमान मुनिश्री निष्कंप सागर महाराज और मुनिश्री निष्काम सागर महाराज के सानिध्य में 14 जनवरी को बैठक होगी.

# दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



नवभारत न्यूज

**सागर 13 जनवरी. दो दिवसीय जोन स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया.**

उद्घाटन पर पुलिस अधीक्षक (अजाक) प्रतिमा पटेल ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता केवल एक कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि पुलिस की नैतिक, सामाजिक एवं मानवीय जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अधिकारियों को सहानुभूतिपूर्ण, संतुलित एवं प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाते हैं, जिससे आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ होता है. प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक एवं उप निरीक्षक शामिल हुए.

# अब क्वांटिटी नहीं क्वालिटी पर जोर रहेगा

नवभारत न्यूज

**सागर 13 जनवरी. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश के सह-प्रभारी रणविजय सिंह ने सागर प्रवास के दौरान मकरोनिया स्थित जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में कहा कि पार्टी अब कागजी नियुक्तियों के बजाय धरातल पर मजबूत और निष्ठावान संगठन खड़ा करने पर केंद्रित है.**



उन्होने कहा कि पहले संगठन का काम कागजों पर अधिक होता था, जिसे अब बदलना होगा. उन्होंने कहा कि यदि गांव, वार्ड या मंडल में योग्य व्यक्ति न मिले तो पद खाली रहने दें, लेकिन परिश्रम कर सही और निष्ठावान व्यक्ति की ही तलाश करें. हमें संख्या नहीं, बल्कि गुणवत्ता चाहिए, भले ही संगठन छोटा हो, लेकिन वह समर्पित और संतुष्टि देने वाला होना चाहिए. उन्होंने स्थानीय नेताओं से सक्रिय कार्यकर्ताओं को पहचान कर जिम्मेदारी सौंपने को कहा. बैठक में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा के नाम और स्वरूप को बदलने का जो प्रयास किया जा रहा है. कांग्रेस उसका पुरजोर विरोध करेगी.

### लोक कलाकार शामिल

**सागर.** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में लोक कलाकार भी शामिल हुए. सोमनाथ महादेव के प्रति 1000 वर्षों की अटूट आस्था को समर्पित इस उत्सव ने भारतीय संस्कृति को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया. इस महा-उत्सव को सफल बनाने हेतु देश के कोने-कोने से आए 550 कलाकारों का मुख्य कोरियोग्राफर अंकुर पठान के निर्देशन और मनीष पांड्या एवं यूसुफ कोठरिया के साथ-साथ शुभम पटेल, रितेश चौरसिया, आकाश विश्वकर्मा, अमित पटेल, विधि ताम्रकार और अखिलेश तिवारी को भी आमंत्रित किया गया था.

# चांदामऊ अग्निकांड में एसआईआटी गठित हो

नवभारत न्यूज

**सागर 13 जनवरी. नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से सौजन्य भेंट की. इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और विकास परियोजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री को विस्तार से अवगत कराया और मांगों का पत्र सौंपा.**



विधायक श्री लारिया ने हाल ही में विधानसभा क्षेत्र के चांदामऊ में हुई भीषण आगजनी की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की. उन्होंने मुख्यमंत्री से इस पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए विशेष जांच दल गठित करने की पुरजोर मांग की ताकि घटना के कारणों का खुलासा हो सके और प्रभावितों को न्याय मिल सके. क्षेत्र में यातायात के दबाव और सुगम आवागमन को देखते हुए विधायक ने एनएचएआई-44 के मध्य स्थित मकरोनिया चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण की स्वीकृति देने का अनुरोध किया. उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में कनेक्टिविटी सुधारने हेतु नए पुल और सड़क मार्गों के प्रस्ताव भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखे. विधायक ने निर्माणाधीन कड़ान मध्यम सिंचाई परियोजना के पुनरीक्षित प्राक्कलन को सक्षम समिति से अनुमोदित कराकर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया.

### समारोह 16 को

**सागर.** समस्त साहित्यिक संस्थाओं के तत्वाधान में स्व. कपूर चंद बैसाखिया तहलका की स्मृति में काव्यांजलि, महफ़िले-अदब का आयोजन सरस्वती वाचनालय व पुस्तकालय के स्वराज भवन से 16 जनवरी शुक्रवार को सुबह 1 बजे से शाम 7 बजे तक किया जाना है. जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि जयंत श्रीवास्तव, मायूस सागरी, सुखदेव तिवारी होंगे. कार्यक्रम को तीन चरणों में किया जाएगा प्रथम चरण में तहलका के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा होगी, द्वितीय चरण में काव्यांजलि के माध्यम से युवाओं को काव्य पाठ करने का अवसर मिलेगा.

# ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्रॉड हुई राशि वापस दिलाई

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 13 जनवरी. थाना सौजना के ग्राम खटौरा निवासी गब्बर सिंह राजपूत के साथ 2 लाख 86 हजार 187 रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी.**

> 2 लाख 86 हजार की हुई थी वित्तीय धोखाधड़ी

जिसकी साइबर क्राइम थाना पर प्राप्त शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित के उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेंट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर, त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियों, बैंकों, वॉलेट आदि से सम्पर्क कर, द्वारा उचित माध्यम से संबंधित वित्तीय एजेंसियों को ई-मेल व समन्वय स्थापित करके, पीड़ित का पैसा होल्ड कराकर फ्रॉड हुई सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस करने में सफलता प्राप्त की है. रुपये वापस कराने वाली टीम में थाना निरीक्षक कृष्णदेव यादव, उ.नि.राहुल सिंह शामिल रहे.

# दरगाह से नकदी-सामान चोरी

नवभारत न्यूज

**सागर 13 जनवरी. मकरोनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कठवापुल स्थित मकरान शाह वाले बाबा की दरगाह में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया.**

चोरों ने न केवल दरगाह में रखा धार्मिक उपयोग का सामान चोरी किया, बल्कि दान पेटी में रखी करीब 10 से 12 हजार रुपए की नकद राशि भी लेकर फरार हो गए. दरगाह के खिदमतगार अब्बास अली उर्फ चुन्नू बाबा ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह सुबह करीब 7 बजे दरगाह परिसर की लाइट बंद करने पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने देखा कि दरगाह परिसर का सामान अस्त-व्यस्त अवस्था में बिखरा हुआ था और दरगाह के ऊपर बिछी पवित्र चादर को हटाकर अलग रखा गया था.

> दरगाह के खिदमतगार अब्बास अली उर्फ चुन्नू बाबा ने बताया कि प्रारंभ में उन्हें किसी अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद उन्होंने पूरे परिसर की जांच की. घटना की जानकारी मिलते ही मकरोनिया थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया. पुलिस ने दरगाह परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का मुआयना कर आवश्यक साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया, साथ ही क्षेत्र के लोगों से पूछताछ भी की गई, ताकि चोरी करने वाले अज्ञात आरोपियों का सुराग लगाया जा सके. मकरोनिया थाना में पदस्थ एएसआई सोहन मरावी ने बताया कि दरगाह में चोरी की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की गई है, खिदमतगार द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है.

### जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना का निधन

**सागर.** कटरा बाजार स्थित जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना



मुतीऊर्रहमान साहब का भोपाल में इलाज के दौरान इंतकाल हो गया, वे 66 वर्ष के थे. जानकारी के अनुसार बुधवार 14 जनवरी को उनके निज निवास मछरयाई से दोपहर 12 बजे जनाजा निकाला जाएगा एवं दोपहर 2 बजे नमाज ए जनाजे की नमाज जामा मस्जिद कटरा से होगी, जिसके बाद उन्हें मोतीनगर कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा. मौलाना साहब पिछले 40 वर्षों से जामा मस्जिद में इमामत की जिम्मेदारी निभा रहे थे. मछरयाई निवासी मौलाना मुतीऊर्रहमान को करीब एक सप्ताह पहले दिल का दौरा पड़ा था. उस समय उपचार के बाद वे स्वस्थ होकर सागर लौट आए थे.

# समाज को जोड़ने का काम करता खेल

## क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा

नवभारत न्यूज

**बीना 13 जनवरी. स्व. राकेश सिरोठिया की स्मृति में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला. टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल शामिल हुए.**



मैच के आखिर में मुख्य अतिथि ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया. टूर्नामेंट के पहले दूसरी सेमीफाइनल मैच जबलपुर और फौजी इलेवन झांसी के बीच खेला. झांसी की टीम ने टॉस जीकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट पर 119 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी जबलपुर की टीम 108 रन ही बना पाई और झांसी ने 11 रनों से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई. बीना की टीम के आगे ताश के पत्तों की तरह ढह गई विपक्षी टीम. प्रतियोगिता का फाइनल मैच बीना इलेवन और झांसी के बीच खेला. बीना की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 149 रन बनाए. संदीप ने 23 गेंदों में 8 छक्के और दो चौका मारकर 62 रनों की पारी खेली ।दूसरी ओर स्कोर की पीछा करने उतरी झांसी की टीम बीना की टीम के आगे ताश के पत्तों की तरह मात्र 26 रन पर ढह गई. इस तरह बीना इलेवन में स्व. राकेश सिरोठिया क्रिकेट टूर्नामेंट कप अपने नाम किया. मैच के आखिर में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने विजेता टीमबीना को 222222 रुपए नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी दी.

**कबाड़ से जुगाड़** — 3 आर के तहत रिड्यूस रियूज रिसाइकिल के सिद्धांत को अपनाने हेतु किया जा रहा जागरूक

# काकागंज में कबाड़ व स्क्रेप से तैयार की जा रहीं कमाल की कलाकृतियां

नवभारत न्यूज

**सागर 13 जनवरी. वेस्ट टू वंडर यानि कबाड़ से जुगाड़ कर आकर्षक कलाकृतियां बना स्वच्छता और इतिहास से लोगों को जोड़ने का निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने अनूठा प्रयास किया है.**

उन्होंने काकागंज पानी टंकी के पास फायर स्टेशन परिसर में कबाड़ और स्क्रेप सामग्री से तैयार की जा रहीं कमाल की कलाकृतियों का निरीक्षण किया



और आवश्यक निर्देश दिये. उन्होंने कहा की सागर शहर ही नहीं समूचे विश्व में कचरे का समुचित निपटान एक बड़ी चुनौती है स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कचरे को कम करने और पुराने सामानों को पुन: उपयोगी बनाने हेतु बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर प्रयास किये जा रहे हैं. ऐसे में नगर निगम के पुराने वाहनों सहित कबाड़ हो रहे अन्य सामानों (टायर, टीन, चददर, एंगिल, गाटर आदि धातु, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, ढक्कन-डिब्बे, लकड़ी, प्लास्टिक आदि) से आकर्षक और प्रेरित करने वाली कलाकृतियाँ बनाकर शहर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ नागरिकों को 3आर-रिड्यूस, रियूज़, रिसाइकिल के सिद्धांतों को अपनाने हेतु जागरूक बनाना है. उन्होंने कहा की अक्सर देखने में आता है की लोहा, लकड़ी, प्लास्टिक फाइबर, टीन डिब्बे आदि अन्य कबाड़ कचरा जो की अनुपयोगी समझकर नागरिकों द्वारा यहां वहां फेक दिया जाता है यही कचरा जल स्त्रोत, भूमि व हवा को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषत करने का कार्य करता है। जबकि इनसे आकर्षक वस्तुएँ बनाई जा सकती हैं. 3 आर और संसाधन क्षमता के प्रति जागरूकता के जरिये स्वच्छ जल, स्वच्छ भूमि और स्वच्छ हवा के लक्ष्य को हासिल करना आसान होगा. तीन मढ़िया तिराहे पर ब्लैक स्पॉट को समाप्त कर स्थापित की गई. सागर स्वच्छता के प्रहरी प्रतिमाओं को सब ओर सराहा जा रहा है. साफ-सफाई कर शहर की स्वच्छता में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले सफाई मित्रों की ऐसी प्रतिक्रितियाँ शायद प्रदेश और देश में दूसरी नहीं है जहाँ लोग खड़े होकर सेल्फी लेते है.



### हिंदू संगठन की बैठक

**शाहगढ़.** मंडल अमरमऊ में समस्त हिन्दू समाज की बैठक की गई. जिसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा अमरमऊ मंडल का हिन्दू सम्मेलन 22 जनवरी गुरुवार को रखने का निश्चित किया गया. इस बैठक में व्यवस्थाओं हेतु समितियों का गठन किया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई. बैठक में सुरेंद्र लोधी, नरेंद्र जैन, हरिराम आचार्य, भूपत विश्वकर्मा, संतोष साहू, बाबूलाल रजक, योगेंद्र दुबे, राम सिंह, देवव्रत मौजूद रहे.